सीआइएमपी के छात्र नये आइडिया को बेहतर बाजार देने में करें मदद

बी-फेस्ट उद्भव

संवाददाता, पटना

चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआइएमपी) में वार्षिक बी-फेस्ट उद्भव का उद्‌घाटन शुक्रवार को हुआ. पहले दिन 500 से अधिक स्टूडेंट्स इसमें शामिल हुए. सीआइएमपी के निदेशक प्रो राणा सिंह ने उद्‌घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से स्टूडेंट्स अलग-अलग प्रतियोगिता में भाग लेते हैं. इससे उनके अंदर की प्रतिभा निखरती है. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सिडबी के क्षेत्रीय प्रमुख अनुभा प्रसाद और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के वरिष्ठ प्रबंधक विनीत रावत ने स्टूडेंट्स को संबोधित किया. अनुभा प्रसाद ने कहा कि सीआइएमपी राज्य को दिशा दे रहा है. यहां के स्टूडेंट्स उद्यमिता पर जोर दें. इसके लिए संस्थान भी बेहतर काम कर रहा है. वहीं, विनीत रावत ने कहा कि स्टूडेंट्स उद्यमिता पर जोर दें. नये-नये आइडिया पर काम करें. यहां पर जो आइडिया आते हैं उसे बेहतर मार्केट प्रदान करने में मदद करें. कार्यक्रम के पहले दिन बी क्विज, डिबेट, एथनिक फैशनिस्टा, पिक क्लिक्स और बेस्ट फ्रॉम वेस्ट शामिल थे. कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया. शनिवार को सोलो डांस, ग्रुप डांस जैसे कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित होंगे.

Prabhat Khabar ! Page No - 04 ! Date - 04-02-2023 !

सीआईएमपी: बी-फेस्ट के पहले दिन 500 छात्र हुए शामिल

पटना। चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना में उद्भव का वार्षिक बी-फेस्ट का शुभारंभ हुआ। पहले दिन 500 से अधिक छात्र शामिल हुये। सीआईएमपी के निदेशक प्रो. राणा सिंह के संबोधन के साथ उत्सव की शुरुआत हुई। उन्होंने अनुभा प्रसाद, सिडबी के क्षेत्रीय प्रमुख और विनीत रावत, वरिष्ठ प्रबंधक आईओसी के साथ अतिथियों का स्वागत किया। पहले दिन बी. क्विज, डिबेट, एथनिक फैशनिस्टा, पिक क्लिक्स और बेस्ट फ्रॉम वेस्ट कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभायी। दूसरे दिन भी जारी रहेगा, जहां सोलो डांस, ग्रुप डांस आदि जैसे कई कार्यक्रम होंगे। इस कार्यक्रम आईओसी द्वारा प्रायोजित है। वहीं, यस बैंक, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और एग्रो कैब्स सह प्रायोजक हैं।

Rashtriya Sahara ! Page No - 04 ! Date - 04-02-2023 !